# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह सितम्बर 2024





**अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।**
**जब आप अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं,**
**तो अनुशासन आपका सबसे बड़े सहयोगी बन जाता है।**

# महाविद्यालयीन गतिविधियां

## जनभागीदारी समिति की
## सामान्य परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद एवं प्रबंध समिति की प्रथम बैठक दिनांक 5.08.2024 को आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री बारेलाल अहिरवार अध्यक्ष जनभागीदारी समिति द्वारा की गई। इस बैठक में आगामी नैक मूल्यांकन की तैयारी एवं महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों के संबंध में गहन विचार-विमर्श करके विभिन्न आवश्यक निर्णय लिये गये।












## "अगस्त क्रांति दिवस" के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन

9.8.2024 स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में दोपहर 1:00 बजे से कक्ष क्रमांक 27 में "अगस्त क्रांति दिवस" के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल की राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. अनुपमा यादव ने बताया कि 9 अगस्त, 1942 को अंग्रेजों को देश से भगाने के लिए गांधी जी ने अगस्त क्रांति की शुरुआत किस प्रकार की और उसके दूरगामी क्या-क्या परिणाम सामने आए। विचार गोष्ठी में सभी संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किये।








## "युवाओं का युद्ध एड्स के विरुद्ध" विषय प्रतियोगिता का आयोजन

10.8.2024 अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु महाविद्यालय स्तर पर *युवाओं का युद्ध एड्स के विरुद्ध* विषय पर आधारित पोस्टर निर्माण और फेस पेंटिंग का सफल आयोजन रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. समता जैन के मार्गदर्शन में किया गया जिसमे पोस्टर मेकिंग प्रभारी श्रीमती सुषमा तिवारी और निर्णायक मंडल में डॉ. अंजना अग्रवाल, डॉ. गरिमा जाऊलकर और डॉ. अर्चना जैन रहे। फेस पेंटिंग प्रभारी डॉ. गीता चौहान और निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. सुषमा जादौन और श्रीमती पूनम बरबडे रहे। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान तनु चौहान, दूसरा श्रेया विश्वकर्मा ने और तीसरा विभोर शर्मा ने अर्जित किया। इन विजेता प्रतिभागियों के पोस्टर को समन्वय भवन मे सुसज्जित किया जाएगा साथ ही फेस पेंटिंग में प्रथम तनु चौहान द्वितीय प्रतिमा सेन तृतीय अनुष्का कुशवाहा ने अर्जित किया फेस पेंटिंग के विजेता जोड़े को समन्वय भवन मे 12 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भागीदारी का अवसर प्राप्त होगा। सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं हैं।















# संवाद एवं सम्मान समारोह

11.8.2024 माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में रवीन्द्र भवन में आयोजित विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्राओं का सम्मान समारोह एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में महाविद्यालय से 50 छात्राओं की सहभागिता प्रो. सौरव सिंह एवं डॉ. निर्मला शुक्ला के मार्गदर्शन में की। महाविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी डॉ. गीता चौहान रहीं।











# विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस

14.8.2024 को महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित स्व. श्री बाबूलाल गौर जी की प्रतिमा का 'शुचिता' कार्यक्रम हुआ। मूर्ति के आसपास स्वच्छता और शुचिता-स्नान के पश्चात् सभागार में 'विभाजन की विभीषिका' पर एक विचारात्मक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष माननीय बारेलाल अहिरवार जी, प्राचार्य महोदय, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्टाफ के मध्य एक गंभीर विषय पर चर्चा संपन्न हुई जिसका विषय 'विभाजन की विभीषिका' था। इस विषय पर गंभीर विचार प्रस्तुत किए गए। भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने की भावना पर बल दिया गया।







# हर्ष और उल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल में पन्द्रह अगस्त को आज़ादी की सालगिरह का समारोह हर्ष और उल्लास से सम्पन्न हुआ। जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार, प्राचार्य डॉ. संजय जैन द्वारा झंडावंदन के पश्चात् विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया गया। स्वतंत्रता के इस पर्व पर श्रीया विश्वकर्मा, आयुष सक्सेना ने अपने विचारों से वातावरण में देशभक्ति की सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। तनु राजपूत और तनु चौहान ने देशभक्ति के गीतों को मधुर स्वर लहरी में गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। संजना कुशवाह ने अपनी एक कविता पढ़ी, जो विषयानुकूल थी।

इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 'प्रतिभाशाली सम्मान' के रूप में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सभागार में बजती तालियाँ इन प्रतिभाओं का वास्तविक सम्मान कर रही थीं। स्वतंत्रता दिवस पर महाविद्यालय का पूरा स्टाफ, एन.एस.एस, एन.सी.सी के विद्यार्थी और अन्य स्टूडेंट्स भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समता जैन ने किया। समापन गरिमामय ढँग से हुआ।















## स्व. बाबूलाल गौर जी की पांचवीं पुण्य तिथि

21.8.2024 पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकप्रिय नेता स्व. बाबूलाल गौर जी की पांचवीं पुण्य तिथि पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, माननीय मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जी, माननीय नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, माननीय श्री सुमित पचौरी जी जिलाध्यक्ष भाजपा, जनभागीदारी अध्यक्ष माननीय श्री बारेलाल जी अहिरवार सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों एवं महाविद्यालय परिवार ने कर्मयोगी स्व. बाबूलाल गौर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उनकी स्मृति में, माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा पौधारोपण किया गया। रेडरिबन क्लब एवं जे पी हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नोबल हास्पिटल, बालाजी फ्रेक्चर हॉस्पिटल, जे पी हास्पिटल चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सम्पूर्ण आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. केडेट्स ने उत्साह से सहभागिता की है। आयोजन के प्रारंभ में क्षेत्रीय नागरिकों और समाजसेवियों ने बाबूजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विचार गोष्ठी में अपने उदगार व्यक्त किए जो युवाओं को कर्मयोगी बनने के लिए प्रेरणास्पद रहे।


















NACO
MPSACS
रेड रिबन क्लब
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय ,भोपाल
बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल
में
कार्यक्रम


NOBLE MULTISPECIALITY HOSPITAL
110 BEDDED HOSPITAL
# 269/1, NEAR CAPITAL MALL, MISROD, BHOPAL
CARDIAC CARE CENTRE
HEART CARE EXPERTS
[SUPER SPECIALITY]
DR. SATISH RAMTAKE
INTERVENTIONAL CARDIOLOGIST [DM - CARDIOLOGY]
DR. KINNARESH A BARIA
CARDIAC SURGEON [MCh -CVTS ]
DR. RAJIV MODI


रेड रिबन क्लब
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय ,भोपाल
बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल
में
कार्यक्रम

# राष्ट्रीय खेल दिवस


29.8.2024 राष्ट्रीय खेल दिवस- हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती, पर महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रथम स्थान पर आकाश सत्यम बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मयंक बीएससी, प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर नितिन कुमार अहिरवार बीएससी प्रथम वर्ष रहें। महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनाएं दी।












# स्वरचित साहित्य मंच

स्वरचित साहित्य मंच की पावस गोष्ठी में आज दिनांक 31 अगस्त को महाविद्यालय के विद्यार्थी- रचनाकारों ने 'बरखा ऋतु' विषय पर स्वरचित कविताओं का पाठ किया। बादल, बूँदे, गगन, मेघा, बारिश, सुबह, बदली, बरसात और रिमझिम जैसे शब्दों से सजी यह गोष्ठी सभी के मन को भाव विभोर कर गयी। खुशी द्विवेदी, मनन दीक्षित, श्रीया विश्वकर्मा, प्राची नैना और वंदना लोधी के बरखा-भीगे शब्दों से इस मंच का यह आयोजन सफल हुआ। कार्यक्रम में डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. गीता चौहान भी उपस्थित रहीं। संयोजक/प्रभारी डॉ. सुषमा जादौन ने सभी कवि - विद्यार्थियों श्रोताओं और उपस्थित प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया।








# उपलब्धियाँ

## तरंग 'स्टार'



इस अंक की तरंग स्टार हैं- मुस्कान हरसन, बी.कॉम तृतीय वर्ष इन्होंने राष्ट्रीय एकता शिविर में 'रंगोली प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## इसे भी जानिए

National Assessment and Accreditation Council

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) जैसे कॉलेज, विश्वविद्यालय या अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों का मूल्यांकन और प्रत्यायन करती है, ताकि संस्थान की 'गुणवत्ता स्थिति' के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। NAAC की स्थापना स्वयंसेवी संस्थानों को आत्मनिरीक्षण और एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित मापदंडों के अनुसार उनके प्रदर्शन का आकलन करने में सुविधा प्रदान करने के लिए की गई है जो संस्थान की भागीदारी के लिए स्थान प्रदान करती है।

# मेरी कलम से

## 'मुझे चलना सिखा देना'

तू उंगली थाम कर मेरी,
मुझे चलना सिखा देना
तू बन जाना मेरी आंखें,
मुझे दुनिया दिखा देना।

जो गिर जाऊं मैं राह में,
तू बांह में उठा लेना
जो डर जाऊं अंधेरे से,
तू आंचल में छुपा लेना।

समंदर से बड़े दिल में,
तेरे गोते लगा लूंगा
पड़ेंगे चरण जहां तेरे,
वहां कुटिया बना लूंगा।

तू रखकर के चरण अपने,
वह कुटिया स्वर्ग बना देना
तू उंगली थाम कर मेरी,
मुझे चलना सिखा देना।

**मनन दीक्षित, बी.ए द्वितीय वर्ष**


## राष्ट्रीय सेवा योजना - राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर



24.8.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक सुश्री तनु चौहान ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर एमवीएम मे आयोजित भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता दोनो में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया। परिणामस्वरूप जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल लाल अहिरवार, प्राचार्य डॉ संजय जैन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन एवं डॉ. गीता चौहान, विधायक प्रतिनिधि श्री पवन श्रीवास्तव सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने सुश्री तनु चौहान को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## "श्री कृष्ण जी के जीवन प्रसंग " विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजित

26.8.2024 जन्माष्टमी के अवसर पर, "श्री कृष्ण जी के जीवन प्रसंग" विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में श्री आर के तिवारी, श्री ललित गौर, डॉ. अनुपमा यादव, डॉ. सुषमा जादौन, डॉ. इलारानी श्रीवास्तव सहित कई प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में श्री कृष्ण जी की भक्ति में भजन का सामूहिक गायन हुआ। श्री कृष्ण जी की शिक्षाओं का विश्व व्यापी प्रभाव है यह अध्ययन का लोकप्रिय विषय हो सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में श्री कृष्ण जी की शिक्षाओं की अहम भूमिका है। अंत मे आभार आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।















# संपादक की पाती

महाविद्यालयीन परिवार के समक्ष ई न्यूज लेटर **तरंग** का 'सितम्बर' अंक प्रस्तुत है। इस अंक में स्टूडेंट-उपलब्धि, साहित्यिक प्रस्तुति के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान को स्थान दिया गया है। राष्ट्र और समाज के प्रति हमारे दायित्व की खबरें प्रकाशित की गयी है। आशा है, आपको यह अंक प्रभावी और जानकारी पूर्ण लगा होगा। आपके सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी।